## खबर संक्षेप

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज में दिनांक 9 जनवरी 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज के विनोद कुमार मरावी द्वारा जनपद सभा कक्ष में समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई समीक्षा बैठक में सहायक यांत्रिक उप यांत्रिक पीसीओ एडीओ सचिव रोजगार सहायक मोबाइलजर एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय की निर्माण की प्रगति मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य मजदूरी भुगतान लेबर बजट समग्र पेंशन की समीक्षा एवं नवीन पेंशनरों को जोड़ने के निर्देश दिए गए समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी नवागत सीईओ श्री विनोद कुमार मरावी खंड पंचायत अधिकारी राम्मू सिंह मरावी सहायक यंत्री बसंत मरकाम एपीओ पंकज साहू बीसी पीएम ए वाय आशीष पांडे बीसी एमबीएम श्री संतोष मेशम एवं समस्त पंचायत के सचिव रोजगार सहायक मोबाइल करे एवं जनपद पंचायत के अधिकारी की उपस्थिति रही।

### शासकीय मुन्ना लाल चौधरी कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने भरे फॉर्म-6

**मण्डला।** शासकीय मुन्ना लाल चौधरी कन्या महाविद्यालय मण्डला में 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंप में पात्र छात्राओं से फॉर्म-6 के 22 फॉर्म भरवाकर बीएलओ श्री सक्षम पाण्डेय को सौंपे गये। सभी छात्राओं को मतदान करने के लिये प्रेरित व जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद था।

## प्रदेश के अनेक जिलो से पहुंचे प्रतिभागी विजेताओं को हुआ सम्मान

# एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन







*** इंडोर स्टेडियम मंडला में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मप्र राज्य स्तरीय शारीरिक दिव्यांग शतरंज संघ मंडला एवं जीएच राय सोनी मेमोरियल मंडला के तत्वाधान में एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम मंडला में किया गया। यहां पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से शतरंज के खिलाड़ियो ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। माँ सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वालन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति ज्योति जायसवाल, श्रीमति संजुलता सिंगौर, शतरंज संघ के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता में चाल चलकर शुभारंभ कराया। वहीं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला खेल अधिकारी विकास सर भी प्रतियोगिता में सहभागिता दर्ज कराने पहुंचे और खिलाड़ियो से मुलाकात की व शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में सचिव प्रकाश वंशकार से चर्चा की। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना और उन्हें मंच उपलब्ध कराना खेल विभाग का दायित्व है बीते वर्षो में अनेक खिलाड़ियो ने राष्ट्र और प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। वहीं प्रतियोगिता के समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति ज्योति जायसवाल, श्रीमति संजुलता सिंगौर, वनवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष कैलाश डेहरिया, जिला खेल अधिकारी विकास खड़ाकर, श्रीमति रश्मि पाठक एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति इंदु उपाध्याय पहुंची जिनका शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला से स्वागत किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि जिले के इंडोर स्टेडियम में बौद्धिक खेल शतरंज को समर्पित एक भव्य और अनुकरणीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसने पूरे जिले ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी खासा उत्साह पैदा कर दिया। इस प्रतियोगिता में दूर-दराज से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने बौद्धिक कौशल धैर्य और रणनीतिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन न सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता था बल्कि बौद्धिक विकास अनुशासन और खेल भावना का जीवंत उदाहरण भी था। वहीं जिला खेल अधिकारी विकास सर ने शतरंज प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं और बच्चों में बौद्धिक खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें मोबाइल व डिजिटल लत से दूर कर रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। शतरंज जैसे खेल न केवल सोचने-समझने की क्षमता को मजबूत करते हैं बल्कि निर्णय लेने की शक्ति धैर्य और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। इस प्रतियोगिता में ओपन कैटेगिरी विजेता श्रेयांश मिश्रा, अंडर 11 में आशुतोष जायसवाल, अंडर 7 में महिमा चौधरी, अंडर 13 में अर्पिता श्रीवास, अंडर 50 रफिक अहमत इंदौर, अंडर 19 अनुराग जबलपुर, अंडर 50 में अभिषेक जबलपुर, महिला टीम में संजुलता सिंगौर विजेता, अरूनव उपाध्याय रहे। खेल डॉक्टेक्टर प्रकाश वंशकार और एम्पायर कमेटी के संचालक विवेक विश्वकर्मा इंदौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं इस प्रतियोगिता में मप्र राज्य स्तरीय शारीरिक दिव्यांग शतरंज संघ के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमति संजुलता सिंगौर, सचिव भास्कर गरयार, सहसचिव कैलाश डेहरिया, सदस्य लकी गरयार, राखी वंशकार, अंकित श्रीवास की मुख्य भूमिका रही। शतरंज संघ के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता को विभिन्न आयु वर्गों में विभाजित किया गया था ताकि हर वर्ग के खिलाड़ियों को समान अवसर मिल सके। अंडर-10, अंडर-14, अंडर-18 और ओपन कैटेगरी में मुकाबले कराए गए। प्रत्येक वर्ग में खिलाड़ियों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई। कई मुकाबले इतने रोमांचक रहे कि दर्शक भी अंत तक अपनी नजरें बिसात से नहीं हटा पाए। आखिरी चाल तक चलने वाले मुकाबलों में खिलाड़ियों की एकाग्रता और मानसिक मजबूती देखने लायक थी। इंडोर स्टेडियम में प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। समय-सीमा के भीतर चालें चलने के नियम शांत वातावरण और निर्णायकों की सतर्क निगरानी ने प्रतियोगिता को और भी पेशेवर स्वरूप दिया। निर्णायक मंडल में अनुभवी शतरंज प्रशिक्षक और वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल रहे। जिन्होंने निष्पक्षता के साथ हर मुकाबले का संचालन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ियों ने आयोजन की सराहना की। प्रतिभागी अशुतोष जायसवाल का कहना था कि मंडला जैसे जिले में इतने बड़े स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होना बेहद सराहनीय है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और बाहर से आए खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी मिलता है। कई युवा खिलाड़ियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आगे राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रेरित होते हैं। अभिभावकों में भी इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बच्चों के साथ पहुंचे माता-पिता ने कहा कि आज के दौर में जब बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल और वीडियो गेम्स में व्यस्त रहते हैं ऐसे में शतरंज जैसे खेल उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों से भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने अपील की। प्रतियोगिता के दौरान इंडोर स्टेडियम में खेल प्रेमियों और दर्शकों की भी अच्छी खासी मौजूदगी रही। दर्शक खिलाड़ियों की हर चाल पर नजर रखे हुए थे और रोमांचक मुकाबलों के दौरान तालियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। आयोजन के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# बस स्टैंड में अनुशासन और सुविधा का कड़ा संदेश



*** निरीक्षण में दिए निर्देश, उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड का कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बस स्टैंड पर यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका, यातायात, चौकी प्रभारी को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बसें बेतरतीबी से खड़ी नहीं होंगी। बसों के आगमन, प्रस्थान का समय निर्धारित हो। इस निर्धारित समय व व्यवस्था की जानकारी के लिए स्पष्ट फ्लेक्स/सूचना बोर्ड लगाए जाएं। निर्धारित समय से अधिक समय तक बसें खड़ी नहीं रहें। यात्रियों के लिए स्वच्छ प्रतीक्षालय, नियमित सफाई व्यवस्था और कार्यशील शौचालय सीएमओ नगरपालिका सुनिश्चित करें। बिना परमिट चलने वाली बसों पर सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। दुकानदार केवल तय स्थल तक ही दुकानें लगाएंगे शेड बाहर नहीं निकाले जाएंगे। बस स्टैंड परिसर में बसें नहीं धोई जाएंगी। यहाँ संचालित होटलों और दुकानों का पानी बाहर बहाने पर स्पॉट फाइन लगाया जाए। अनुबंधित दुकाने ही बस स्टैंड परिसर में संचालित होंगी। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। बस स्टैंड की छतों पर आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी; वहां ताले लगाए जाएंगे। ऑटो पार्किंग के लिए अलग, चिन्हित स्थान निर्धारित किया जाएगा।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा में सभी व्यवस्थाएं लागू कराई जाएं और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि बस स्टैंड की सुव्यवस्था सीधे तौर पर यात्रियों के अनुभव से जुड़ी है, इसलिए निरंतर निगरानी और जवाबदेही तय की जाए। यहां मौके से अतिक्रमण भी हटाया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी श्री बिमलेश कुमार गुप्ता, एसडीओपी श्री पीयुष मिश्रा, थाना प्रभारी श्री शफीक खान, यातायात प्रभारी, नगरपालिका सीएमओ श्री गजानंद नाफड़े सहित पुलिस विभाग एवं नगरपालिका का अमला मौजूद रहा।

# तीन दिवसीय मड़ई उत्सव में मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों की होगी नृत्य प्रस्तुतियाँ

**मण्डला।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय एवं जिला प्रशासन मंडला के सहयोग से विनोद मंच, बस स्टैंड बिछिया, मंडला में जनजातीय संस्कृति और कला परंपरा केंद्रित मड़ई उत्सव आयोजित किया जा रहा है। 9 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय समारोह में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों की नृत्य प्रस्तुतियाँ संयोजित की जा रही हैं। उत्सव में 9 जनवरी को गोण्ड जनजातीय ठाट्या नृत्य श्री मिलाप इवने एवं साथी-बैतूल, बैगा जनजातीय करमा नृत्य श्री गणेश प्रसाद बैगा एवं साथी, बालाघाट, भील जनजातीय भगोरिया नृत्य श्री प्रताप सिंह एवं साथी-धार, भारिया जनजातीय नृत्य श्री शिवम डाण्डोलिया एवं साथी-छिंदवाड़ा, मुरिया जनजाति ककसार एवं गेड़ी नृत्य श्री जेनू नारायण सल्लाम-छत्तीसगढ़, डोमकच नृत्य, श्री सुनील महतो एवं साथी- राँची, गुड़का नृत्य-उड़ीसा श्री वासुदेव एवं साथी-उड़ीसा, हट्टी जनजातीय सिहटू श्री जोगिन्दर सिंह हब्बी एवं साथी-हिमाचल प्रदेश और 10 जनवरी को कोरकू जनजातीय नृत्य श्री गोपाल कोरकू एवं साथी- हरदा, गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य श्री शिवचरण कुशराम एवं साथी-डिण्डोरी, गोण्ड जनजातीय गेड़ी नृत्य श्री हरिओम राठी एवं साथी, सिवनी, घासी जनजातीय घसियाबाजा नृत्य श्री दानबहादुर घासी एवं साथी-सीधी, चिटकोला नृत्य सुश्री पूजा भलावी एवं साथी-सिवनी, भड़ौनी नृत्य श्री संदीप इनवाती एवं साथी-सिवनी, डोमकच नृत्य-झारखण्ड श्री सुनील महतो एवं साथी, रांची, राभा समुदाय का हमजा/धावा/सथर नृत्य श्री स्वगत शर्मा एवं साथी- असम, गुड़का नृत्य-उड़ीसा श्री वासुदेव एवं साथी-उड़ीसा, हट्टी जनजातीय डग्याली नृत्य श्री जोगिन्दर सिंह हब्बी एवं साथी-हिमाचल, माथुरी नृत्य श्री थाला श्रीधर एवं साथी तेलंगाना द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। समारोह के समापन दिवस 11 जनवरी को बैगा जनजातीय परधौनी एवं फाग नृत्य श्री दयाराम एवं साथी-डिण्डोरी धुलिया जनजातीय गुदुमबाजा श्री लेखपाल धुर्वे एवं साथी-डिण्डोरी, गोण्ड जनजातीय डण्डा नृत्य प्रबंधक श्री सुमित शर्मा एवं साथी हरदा, सहरिया जनजातीय लहंगी नृत्य श्री रामलखन आदिवासी एवं साथी- श्योपुर राभा समुदाय का हमजा/धावा/सथर नृत्य श्री स्वगत शर्मा एवं साथी- असम, माथुरी नृत्य श्री थाला श्रीधर एवं साथी-तेलंगाना द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी जायेगी।

## 11 को बिछिया में होने वाले युवा सम्मेलन कार्यक्रम स्थल का हुआ भूमिपूजन



**भुआबिछिया।** रविवार दिनांक 11 जनवरी को बिछिया के महाविद्यालय मैदान में युवा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। दिनांक 09/01/2026 को कार्यक्रम स्थल का विधिवत भूमिपूजन किया गया और भारत माता की भव्य रूप से आरती की गई। 11 जनवरी दिन रविवार को आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कवि अटल नारायण देशभक्ति और युवाओं को जागरूक करने के लिए अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना है ताकि वे समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने जीवन का निर्वहन अपने देश के प्रत्येक व्यक्ति को परिवार मानकर करें । उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भी उपस्थित रहेंगे और युवाओं को मार्गदर्शन देंगे ।नशामुक्ति , देशभक्ति, नैतिक जिम्मेदारी, कला और संस्कृति को सहेजने, समाज, परिवार और देश के प्रति कर्तव्य, शिक्षा का महत्व, देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका आदि विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों में इस कार्यक्रम में युवाओं को मार्गदर्शन दिया जायेगा । कार्यक्रम को लेकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगरीय क्षेत्रों जैसे अंजनिया, मवई, मोतीनाला, घुघरी, सिझौरा, खटिया, मोचा, दानीटोला सहित सभी जगह युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है और हर ग्राम से इस कार्यक्रम में युवाओं की अच्छी संख्या आ रही है।

**आयोजन** | **ग्राम बिनैका में हुआ जनसंवाद का कार्यक्रम**

# "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" अभियान प्रगति पर





*** छात्र-छात्राओं को बताये सुरक्षा नियम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट संजय कुमार की उपस्थिति में एवं पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के निर्देशन में जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव द्वारा पुलिस महानिरीक्षक का स्वागत कर किया गया।

कार्यक्रम में साइबर सेल से आरक्षक श्री सुरेश भटेरे द्वारा वर्तमान परिदृश्य में होने वाले साइबर फ्रॉड/ऑनलाइन अपराध उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई तथा 'सायबर हेल्पलाइन 1930 एवं cybercrime.gov.in के संबंध में अवगत कराया गया। यातायात थाना से सूबेदार श्री योगेश द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में चल रहे अभियान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" व नियमों के उल्लंघन से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं व मृत्यु के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही यातायात पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित अन्य योजनाओं, राहवीर योजना, हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना-2022 (2 लाख सहायता) एवं कैशलैस इलाज के लाभ एवं प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके पश्चात डीएसपी महिला सुरक्षा श्री सतीश चतुर्वेदी द्वारा महिला एवं बाल अपराध, पॉक्सो अधिनियम, हेल्पलाइन नंबर (1090, 1098) तथा रिपोर्टिंग के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा द्वारा नशे के दुष्परिणाम, परिवार व समाज पर पड़ने वाले प्रभाव एवं नशामुक्ति के उपाय, नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446, ऑपरेशन क्लीन स्वीप ड्रग्स के संबंध में कॉल या व्हाट्सऐप नंबर (7587644166) पर सूचना देने तथा सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा आदि जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से संवाद कर छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है जिसका कारण वाहन चालकों में जागरूकता की कमी है। इसके उपरांत यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुलिस महानिरीक्षक द्वारा हेलमेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई एवं आभार व्यक्त किया।

एक अन्य कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बिनेका में आमजनों के साथ जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा पुलिस महानिरीक्षक का स्वागत किया गया तथा ग्राम पंचायत सदस्य द्वारा पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा", महिला-बाल अपराध एवं साइबर फ्रॉड से बचाव पर जानकारी दी गई। ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दुर्घटना संभावित दुर्घटना क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) में राहगीरों को पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा हेलमेट वितरण कर यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया तथा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, डीएसपी महिला सुरक्षा श्री सतीश चतुर्वेदी, प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान, यातायात थाना प्रभारी श्री ललित धुर्वे, महिला थाना प्रभारी श्रीमती आरती तेकाम, श्री अखिलेश उपाध्याय, शिक्षक, अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जल संसाधन विभाग मंडला के कार्यपालन यंत्री कार्यालय में विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता सहायक कार्यपालन यंत्री प्राची ध्रुर्वे ने की उन्होंने कहा कि अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है ।बेठक में एजेंडावार चर्चा के तहत कर्मचारियों के सातवें वेतनमान निर्धारण, समयमान वेतनमान,सेवा पुस्तिका एवं सेवा सत्यापन, स्वत्व भुगतान, पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तार से विमर्श किया गया। कलेक्टर मण्डला के आदेशानुसार प्रत्येक तीन माह के अंतराल से विभागीय परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को आयोजित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं । देखने में यह आ रहा है कि विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक मात्र जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है । अन्य विभागों द्वारा कलेक्टर मण्डला के निर्देशों का पालन न करते हुए अनुशासनहीनता बरती जा रही है । जिसके कारण विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है । इस अवसर पर राधे लाल नरेटी,सतीश चन्द्रौल,आर.के.पाठक, सतीश मिश्रा, मिश्रीलाल यादव, प्रकाश चन्द्र वरकड़े, बलवंत चन्द्रौल,वाय.के.चन्द्रौल,ए.एस.ध्रुर्वे,सहायक यंत्री,एम.एल.पटेल उपयंत्री, सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बिछिया**
**जिला मण्डला**
**क्रमांक/02/तह./रीडर/2026**
**बिछिया दिनांक 06.01.2026**
**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर मण्डला के रा.प्र.क. 0026 अ-20 (3) 2024-25 के अनुसार आवेदक अध्यक्ष, श्री एम.एल उइके पेंशनर्स समाज शाखा बिछिया के द्वारा ग्राम बिछिया रैयत तहसील बिछिया स्थित भूमि खसरा नं 167/1 रकबा 0.5130 हे. में से रकबा 0.02 हे. भूमि पर पेंशनर्स समाज शाखा बिछिया के भवन निर्माण प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित करने प्ररूप-एक में कलेक्टर महोदय जिला मण्डला को आवेदन पत्र पेश किया गया है ।उक्त भूमि को आवंटन बाबद म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रक्रिया अनुसार जांच हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) बिछिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है ।

उपरोक्त कार्यवाही में किसी को कोई दावा / आपत्ति है तो न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है । इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही होगा ।

जारी दिनांक:- 06.01.2026
पेशी दिनांक: 21/01/2026

तहसीलदार
बिछिया

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब द्वारा आयोजित की जावेगी निःशुल्क फिजियोथैरेपी वर्कसाप 17 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। आम व पीड़ितो को लाभ पहुंचाने की सोच के चलते स्थानीय रोटरी क्लब द्वारा निःशुल्क फिजियो थैरेपी एक दिवसीय कार्यशाला 17 जनवरी को आयोजित की जावेगी। बताया जाता है कि वर्तमान समय में दैनिक कार्यशैली के चलते मानव शारीरिक संरचना में ऐसी अनेक बीमारी व रोग उत्पन्न हो रहे हैं जिनका दवाईयां व सर्जरी के बजाये नियमित व्यायाम व खान पान से स्थाई सुधार किया जा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि इसकी सही जानरारी व कार्यप्रणाली हो इसी आशय के उद्देश्य से रोटरी कलब गाडवारा द्वारा आगामी 17 जनवरी को शाम 5 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक विश्व प्रसिद्ध मिशन हैल्थ अहमदाबाद के संस्थापक व निर्देशक डॉक्टर आलाप शाह द्वारा अपनी टीम के साथ 1 दिवसीय फिजियो थैरेपी स्वास्थ कार्यशाला रोटरी क्लब गाडरवारा के माध्यम से शहर के सुखदेव भवन, हास्पिटल रोड' पर की जा रही है। बताया जाता है कि आयोजित होने वाली इस फिजियो थैरेपी से संबंधित संपूर्ण जानकारी व उसके उपयोग व लाभान्वित पुर्नवास विषय को प्रस्तुत किया जायेगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह रहेगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा समाजसेवी विनीत माहेश्वरी रहेगे। क्लब के मुख्य वक्ता रोटे. मिनेन्द्र डागा (पूर्व असि. गर्वनर ), रोटे. अशोक राजपूत (असिस्टेंड गर्वनर ) सहित रोटरी क्लब के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । रोटरी क्लब अध्यक्ष रो, सुरेंद्र साहू,, सचिव रो. मनोज वशा, कोषाध्यक्ष, रो. संजय गुप्ता, स्वास्थ्य समिति चेयरमेन रो. महेश रघुवंशी ने लोगो से फिजियोथैरेपी कार्यशाला वर्कशॉप में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

### स्थापना के नाम पर भवन पुताई के बाद आज तक नहीं ली गई किसी भी अधिकारी ने खोज खबर ..?

# घोषणा तक सीमित होकर रह गई सांईखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र की बम्हौरी कला पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। प्रदेश से लेकर जिला में ग्रामीण क्षेत्रों की कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिये जहां आये दिन नये नये पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों की घोषणा करते हुये वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को बैठाये जाने की बात तो कही जा रही है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होने से नही चूक पा रही है..? कुछ इसी प्रकार से प्रदेश शासन द्वारा नई चौकियों की स्थापना की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुछ वर्ष पहले दो नई पुलिस चौकी स्थापना की घोषणा होने के बाद जब यह खबर अखबारों में आई हुई थी तो लोगों में इस बात की खुशी थी कि निश्चित तौर से हमारे क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार देखने मिलेगा। मगर वह घोषणा आज भी घोषणा तक ही सीमित होते हुये जान पड़ रही है। कुछ वर्ष पहले गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लिये नई पुलिस चौकी स्थापित होने की घोषणा के अनुसार बताया जाता है कि डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर तथा सांईखेडा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी में नई पुलिस चौकी स्थापित होना थी। इन चौकियों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो ग्राम कल्याणपुर में नई पुलिस चौकी की स्थापना को लेकर शुरूआत तो हो चुकी है। मगर यही पर काम करने के लिये डोगरगांव पुलिस थाने में पदस्थ कभी किसी ए एस आई तो कभी किसी हबलादार को भेज दिया





जाता है जो अपनी चौकी को खुलने की औपचारिकता पूर्ण कर ली जाती है। यहां पर अभी तक न तो विधिवत रूप से पुलिस चौकी का निर्माण हुआ है और न ही पुलिस लाईन से चौकी प्रभारी के रूप में किसी पुलिस अधिकारी को नियुक्त



किया गया है। वही दूसरी ओर इससे बुरा हाल सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाली बम्हौरी कला पुलिस चौकी का देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि घोषणा के कुछ दिनों के उपरांत यहां पर पुलिस चौकी स्थापना को लेकर हलचले तो शुरू हुई थी जिसके चलते ग्राम बम्हौरी में चौकी स्थापना को लेकर एक भवन का रंग रोगन करते हुये उसे उसी हाल में छोड़ देने के कारण जहां पुलिस चौकी के नाम से सजे हुये इस भवन में गंदगी का अम्बार देखने मिल रहा है जो सरकार के स्वच्छता अभियान को ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर ग्रामवासियों ने चर्चा के दौरान बताया गया आज तक यहां पर न तो कोई अधिकारी आया है और न ही कोई कर्मचारी सिर्फ कुछ साल पहले यहां पर पुलिस चौकी के नाम पर एक भवन की पुताई कराते हुये छोड़ दिया गया है? इस सच्चाई को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शासन पुलिस चौकियों की स्थापना की घोषणा मात्र मंच तक ही सीमित होकर रह चुकी है..? हो सकता है कि पुलिस विभाग के कागजों में यह पुलिस चौकिया पूरे नियम से संचालित होने के साथ साथ यहां पर पदस्थ अधिकारी अपने मुख्यालय के कार्यालयों में बैठकर सेलरी प्राप्त कर रहे हो.. खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो पुलिस विभाग व भगवान ही जाने..? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिले के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा निष्ठा के साथ प्रयास किये गये होते तो यह पुलिस चौकी अपने आस्तित्व में आ चुकी होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराधों में गिराबट देखने मिल सकती थी। ऐसा नही है कि पुलिस विभाग में इन चौकियों का संचालन करने के लिये अधिकारियों की कमी है। क्योंकि अनेक टीआई से लेकर एस आई स्तर के अधिकारी पुलिस लाईन में थानों से लेकर पुलिस चौकियों में नैनाती के लिये प्रयास करते हुये देखे जा रहे है। मगर इसके बाद भी इन चौकियों में अधिकारियों की नियुक्ति की जगह लटकते हुये ताले अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की निष्ठावन कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहे है? क्योंकि इस समय जिस तरह जिले की कानून व्यवस्था को भगवान भरोसे चलते हुये देखा जा रहा है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद अब क्षेत्र की जनता को जिम्मेदारों द्वारा अपने हाल पर छोड़ने का मन बना लिया गया है और इसी का परिणाम है कि जहां गांव गांव खुलेआम अवैध शराब से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो को बाजार गर्म होने के कारण अवैधानिक कृत्यों में लिप्त रहने वाले आरोपी पुलिस की उदासीनता कही जावे गया फिर मिलीभगत के चलते जहां अपराधों में इजाफा होते हुये दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर अंको के बाजार ने शहरों की बात तो दूर गांवों में भी अपनी इतनी पकड़ बना डाली है कि गांव गांव सट्टे का अवैध कारोबार चलते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है..? क्षेत्र का शायद ही ऐसा कोई गांव शेष दिखाई दे रहा होगा जहां पर अंको के बाजीगर अपनी कलाबाजी दिखाने में पीछे दिखाई दे रहे हो..? यह बात अलग है कि जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा कानूनी सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिये आये दिन जहां तहां अस्थाई चौकियों की स्थापना के फीता काटते हुये जरूर अखबारों की शोभा बढ़ाते हुये देखा जाता है। मगर स्थाई रूप से घोषित की गई चौकियाँ आज भी शुरूआत की बांट जोहते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। क्योंकि राज्य शासन ने गाडरवारा तहसील क्षेत्र के चलते कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने की सोच के चलते डोगरगांव पुलिस थाने के ग्राम कल्याणपुर तथा सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी कला में नई पुलिस चौकियों की स्थापना की गई है। मगर जिम्मेदार अधिकारियों लेकर जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद गृह विभाग द्वारा घोषित की गई इन पुलिस चौकियों की घोषणा सिर्फ मंच तक ही सीमित होकर रह जावेगी..?

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वितरित किये टिकिट



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

वृद्वजनों को भगवान के दर्शन कराने के लिये पहुंचाने की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ प्राप्त होने से निश्चित ही वृद्वजनों के चेहरों पर मुस्कान लाने से नही चूकता है। प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के विशेष प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के लगभग 45 महिला एवं पुरुष को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तिरुपति श्री कालहस्ती यात्रा पर 10 जनवरी से 16 जनवरी तक के लिये रवाना हो रहे हैं। इन सभी तीर्थ यात्रियों के लिये टिकटो का वितरण सेवा सदन में नगरपालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा एवं पार्षद गणों की उपस्थिति में किया गया।

### खेत में खड़ी हुई फसल पर ट्रेक्टर चलवा कर पहुंचाई क्षति

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम टेकापार निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पिताजी के नाम से पीली धार हार में 5 एकड़ शासकीय जमीन मिली है, जिसपर घर के सभी लोग खेती किसानी कर जीवन यापन करते है। उस जमीन को ग्राम टेकापार का अन्नीलाल उर्फ अन्ना कौरव अपनी जमीन बता रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस अन्ना कौरव उसका छोटा भाई प्रदीप कौरव दो ट्रेक्टर लेकर आये तथा उसके बाद ग्राम इमलिया का लोटन उर्फ टेम्पू कौरव तथा ग्राम माल्हनवाड़ा का सरमन कौरव भी अपने साथ दो ट्रेक्टर लेकर तथा एक जेसीबी मशीन बुलाते हुये चारों ने एक राय होकर प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये कहा कि यह खेत हमारा है इसे खाली कर तो प्रार्थी द्वारा जब गाली देने से मना किये जाने पर इन लोगों द्वारा खेत में घुसकर जेसीबी से मेरा नलकूप, गन्ना मशीन सहित खपरेल वाला मकान को तुड़वाने के साथ ही खेत में लगी पिसी व चना की फसल पर ट्रेक्टर चलवाते हुये क्षति पहुंचाने की शिकायत की गई है। वही प्रार्थी द्वारा बताया गया है कि इस दौरान जब उसकी बहिन, मझला भाई मुबीन तथा छोटा भाई नवाब की पत्नि आये और उन्होंने इस तरह तोड़फोड़ करने व फसल को क्षति पहुंचाने से रोके जाने के चलते अन्ना और उसके भाई प्रदीप ने डंडे से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई।

वही सरमन ने मेरे मझले भाई की पत्नि के साथ मारपीट की गई तो छोटा भाई नवाब की पत्नि को लोटन उर्फ टेम्पू ने डंडे से मारपीट की गई। इस तरह चारों ने एक राय होकर कहा कि यदि खेत नही छोड़ा तो जान से खत्म कर देगे। इस तरह से घटित हुई घटना को लेकर पुलिस द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम छात्रा घायल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर की सड़को पर जिस तरह बेलगाम गति से वाहन दौड़ाये जा रहे है उसके चलते निश्चित स्कूली बच्चों की जिन्दगी खतरे से खाली नही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के पलोटन गंज में देखने मिली जहां पर एक ट्रेक्टर चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये वाइक को टक्कर मारने के चलते मासूम छात्रा को चोटे पहुंची।



घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टिमरावन तथा हाल पानी टंकी के पास गाडरवारा में निवास करने वाले युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे दो बच्चे बडा लडका अरमान मेहरा तथा छोटी लडकी दीक्षा मेहरा है। बीते हुये दिवस मैं अपने दोनो बच्चो को अपनी मो.सा. क्रमांक MP49MP1084 से कोचिंग क्लाश यशोदा नगर से अपने घर लेकर जा रहा था जैसे ही पलोटनंग के पास पहुंचा तभी सामने से लाल रंग के महिन्द्रा ट्रेक्टर के चालक ने अपने ट्रेक्टर को तेजगति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये प्रार्थी की मोटर साईकिल मे सामने से टक्कर मार दिया जिसके चलते प्रार्थी सहित उसके दोनों बच्चे गिर गये। वही टक्कर के चलते प्रार्थी की मासूम बेटी दीक्षा को चोटे आने के चलते वह घायल हो गई। मौजूद लोगों द्वारा ट्रेक्टर को रोका तो चालक का नाम पूछा तो उसने अपना नाम हरिओम पटवा बताया गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जब नगर में कोई भी धार्मिक आयोजन होता है तो संपूर्ण नगर का महौल धर्ममय होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार का हाल इस समय भी देखने मिल रहा है। क्योंकि 22 जनवरी से आयोजित हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि स्थानीय इंदिरा कॉलोनी आजाद वार्ड में 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 22 जनवरी से 28 जनवरी तक किया जा रहा है। इस महायज्ञ में चार वेद, 18 पुराण एवं 108 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भागवत कथा एवं राम कथा का भव्य आयोजन शामिल होगा । वही इस यज्ञ में आचार्य प्रदीप मणि वृंदावन धाम द्वारा भागवत कथा के माध्यम से जहां भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा। वही जगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज द्वारा भगवान श्रीरामजी की कथा सुनाई जावेगी। वही दूसरी ओर अपनी देशी भाषा के माध्यम से दिये जाने वाले प्रवर्चनों के चलते संपूर्ण क्षेत्र में अनोखी पहचान बनाने वाले संत विपिन बिहारी महाराज द्वारा राम कथा का वाचन किया जाएगा । इस तरह नगर में आयोजित होने वाले इस 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही है तथा यज्ञ समिति पूरी मेहनत के साथ तैयारियों को आमलीजामा पहनाने में लगी हुई दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि महायज्ञ शुभारंभ होने के पहले 21 जनवरी को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जावेगी।

### चंद मिनिटों के घर चोरों द्वारा वाइको को पार करने से नही चूक रहे है..?

# अज्ञात चोरों ने अलग अलग स्थानों से पार की गई मोटर साईकिले

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भले पुलिस द्वारा बाइक चोर गिरोह को पकड़ते हुये उनके पास से मोटर साईकिले जप्त कर रही है। मगर इसके बाद भी बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश नही लगने के चलते वाइक मालिको में चिंता दिखाई देने से नही चूक पा रही है। स्थिति इस तरह बनती हुई देखी जा रही है कि चंद मिनिटों के घर चोरों द्वारा वाइको को पार करने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के कांज मंदिर मून नाईट के पास से पार हुई वाइक की घटना में देखने मिला है। घटना के संबंध में समीपस्थ ग्राम दहलवाडा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वही जियो आफिस वल्लभ मार्केट गाडरवारा में काम करता है। बीते हुये दिवस प्रार्थी अपनी स्पलेंडर काले रंग की मोटर साईकिल क्रमांक MP49-MD-8970 से एक जन्मदिन कार्यक्रम के चलते मूनलाइट गार्डन काँच मंदिर के पास गया हुआ था और अपनी मोटर साईकिल को बाहर खड़ा करके अंदर चला गया कुछ देर बात जब प्रार्थी ने बाहर आकर देखा तो उसकी मोटर साईकिल वहां नहीं थी। इस तरह चंद मिनिटों के अंदर किसी अज्ञात लोगों द्वारा पार कर दिया गया। इसी प्रकार से नगर के राजवी वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा भी पुलिस थाने में अपनी मोटर साईकिल चोरी होने के संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपनी मोटर साईकिल को कब्रिस्तान के अंदर खडा करता हूँ । इसी प्रकार से बीते हुये दिवस भी प्रार्थी द्वारा अपनी गाड़ी क्रमांक को MP49BA5824 खड़ा किया गया था। जब मै मैने अपनी बेटी को स्कूल छोडने जाने के लिये घर से बाहर आया तो देखा की मैरी गाडी जहां मैने खडी की थी नही थी फिर मैने अपनी गाडी की तलाश आसपास देखा गाडी नही थी उसके बाद मैं गाडी को यहा वहा खोजता रहा गाडी नही मिली।इसी प्रकार से चोरी हुई मोटर साईकिल की अन्य तीसरी घटना को लेकर नगर के गायत्री नगर निवासी व कृषि उपकरण दुकान के संचालक द्वारा भी पुलिस थाने में की गई अपनी शिकायत में बताया है कि में सब्जी मण्डी गाडरवारा से अपनी मोटर साईकल हीरो स्पेलंडर क्र.MP49ZF9203 से सब्जी लेकर घर आकर मोटर साईकल को घर के सामने खडी कर दिया था इसके बाद जब दुकान जाने के लिये मोटर साईकिल को देखा तो वह गायब थी। इस तरह घर के सामने खड़ी मोटर साईकिल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। इसी प्रकार से समीस्थ ग्राम कौड़िया में घर के आंगन में खड़ी हुई मोटर साईकिल पार की गई है। इस संबंध में कौड़िया निवासी पीड़ित द्वारा अपनी शिकायत में बताया गया है कि मैने अपनी मोटरसाईकल क्र.MP49MR0760 को घर के सामने आंगन में खडी थी जिसको किसी अज्ञात चोर द्वारा पार कर लिया गया है। इस तरह अलग अलग स्थानों से पार हुई मोटर साईकिलों के चलते पुलिस ने प्रार्थियों की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम अशोक कुमार कौरव आत्मज श्री हरिगोविंद सिंह कौरव एवं भानुप्रताप कौरव आत्मज श्री हरिगोविंद सिंह कौरव निवासी भामा बार्ड नया नाम (महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड ) गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश के पटवारी हल्का नंबर 18 /2 नं.ब. 119 के अंतर्गत भूमि खसरा क्रमांक 230/20 रकवा 1666.8 वर्गफुट जो कि मैने विक्रेता श्रीमती चंदाबाई शर्मा पति श्री विष्णु प्रसाद शर्मा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18/05/2005 के द्वारा क्रय किया गया था। जिसका नामांतरण दिनांक 27/05/2015 को हुआ था । उक्त भूमि के पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24/05/1986 की पूर्व मूल प्रति थी जो कि दिनांक 04/01/2026 को गुम हो गई है जिसमें क्रेता श्रीमती चंदाबाई शर्मा पति श्री विष्णु प्रसाद शर्मा एवं विक्रेता श्री बालकिशन राठी आत्मज श्री गोपीकिशन राठी निवासी गाडरवारा थे । इस संबंध में मेरे द्वारा थाना गाडरवारा में भी विक्रय पत्र दिनांक 24/05/1986 की असल प्रति गुम होने संबंधी सूचना दिनांक 08/01/2026 को दर्ज कराई है।

सर्वसाधारण को इस इश्तहार आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर उक्त विक्रय पत्र की असल प्रति के आधार पर अथवा अन्य किसी रूप में किसी भी सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक आदि के पास रहन व्यय बख्सीस जमानत गारंटी हेतु मूल बैनामा हो तो अपनी दावा आपत्ति 7 दिवस के अंदर मूल बैनामा एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें । अन्यथा की स्थिति में आवेदक श्री अशोक कुमार कौरव आत्मज श्री हरिगोविंद सिंह कौरव एवं श्री भानुप्रताप कौरव आत्मज श्री हरिगोविंद सिंह कौरव खसरा क्रमांक 230/20 निवासी महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश को उक्त संपत्ति पर ऋण प्रदान किए जाने पर कोई भी दावा आपत्ति हक अधिकार शुन्य माना जावेगा । और ऋण स्वीकृत उपरांत उक्त संपत्ति पर प्रथम अधिकार सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा गाडरवारा का होगा।

लिहाजा सूचना जानिये ।

भावदीय
अशोक कुमार कौरव एवं भानुप्रताप कौरव
आत्मज श्री हरिगोविंद सिंह कौरव
निवासी - महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा,
जिला - नरसिंहपुर ( म. प्र. )
मोबाईल नं. - 7773078450


# कन्या नवीन स्कूल में आयोजित हुई विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी माध्यमिक विभाग के बच्चों ने प्रस्तुत किया अनोखा नवाचार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा





स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनपद शिक्षा केंद्र साईंखेड़ा के अधीनस्थ जनशिक्षा केन्द्रो के माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता एवं सामाजिक चेतना का विकास करना रहा। प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। वही प्रदर्शनी में जनशिक्षा केंद्र चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। बताया जाता है कि प्रदर्शनी के विज्ञान खंड में विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा मॉडल, जल संरक्षण प्रणाली, मानव शरीर के अंगों की संरचना के आलवा विद्युत परिपथ, ज्वालामुखी मॉडल जैसे प्रयोगात्मक मॉडल प्रस्तुत किये गये। इन मॉडलों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग को सरल भाषा में समझाया गया। गणित खंड में ज्यामितीय आकृतियाँ, पाइथागोरस प्रमेय, क्षेत्रफल, परिमाप के मॉडल, गणितीय पहेलियाँ, फ्रैक्टल डिज़ाइन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सामाजिक विज्ञान खंड में भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाएँ, स्वतंत्रता आंदोलन, भौगोलिक मानचित्र, जलवायु परिवर्तन, ऐतिहासिक धरोहरें विषयक चार्ट व मॉडल प्रदर्शित किए गए। पर्यावरण खंड में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मॉडल एवं चार्ट विद्यार्थियों ने बनाये। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने प्लास्टिक प्रदूषण पर भाषण, पर्यावरण गीत, लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल अंतर्गत आर पी महिलाँग, के के राजोरियां, योगेंद्र झारिया, अर्पणा ब्राउन, प्रीति पचौरी ने मॉडलो सहित सभी विधाओं का निरीक्षण किया। वही सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, प्राचार्य एस के मिश्रा, सुशील शर्मा, लेखा कौरव एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने भी विभिन्न मॉडलो निरीक्षण करते हुये विद्यार्थियों से संवाद किया। वही मॉडल विधा के तहत सामाजिक विज्ञान विषय से विजय अहिरवार को प्रथम तो खुशी सोनी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वही गणित विषय में अभिनव विश्वकर्मा ने प्रथम तो नीलम कोरी दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से पर्यावरण विषय में हर्ष कहार को प्रथम, आनंद नोरिया को द्वितीय स्थान मिला। सेमिनार विधा में अंकिता धानक को प्रथम व खुशबू केवट को द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से लघुनाटिका विधा में कन्या नवीन गाडरवारा टीम को प्रथम तथा शा मा शाला बोदरी टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह पर्यावरण गीत विधा में प्रकृति कौरव को प्रथम, प्राची गुर्जर को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों ने सम्मानित किया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार दिये गये। समापन अवसर पर सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर सीखने का अवसर देती हैं और उनमें नेतृत्व व प्रस्तुति कौशल विकसित करती हैं। बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने मार्गदर्शी शिक्षकों के साथ यहाँ दूर दूर से आये है ये प्रसन्नता की बात है। प्राचार्य लेखा कौरव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को सीखने के अवसर मिलते है। कार्यक्रम को आर पी महिलांग, के के राजोरिया, योगेंद्र झारिया, अर्पणा ब्राउन ने भी सम्बोधित किया। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में चंद्रकांत साहू,अपसार खान, अवधेश पटैल, दीपक स्थापक, पंकज पाठक, बनवारी लाल नागवंशी, आजाद कौरव, देवी सिंह कीर, प्रदीप मालवीय, नेपाल झारिया, सुरेन्द्र राजपूत, प्रमोद पठारिया, मधुसूदन पटैल, अमित पटैल रहा। उपरोक्त आयोजन राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के अनुसार डीईओ प्रतुल इंदुरख्या एवं डीपीसी मनीष चौकसे के निर्देशन में किया गया।

## लोकेश सिलावट बने असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



निश्चित तौर से जब कस्बा स्तर पर निवास करने वाला कोई युवा किसी भी क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करता है तो संपूर्ण क्षेत्र में खुशी का महौल दिखाई देने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि सालीचौका निवासी लोकेश कुमार सिलावट का इनकम टैक्स ऑफिसर से पदोन्नत कर असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स (आईआरएस – क्लास वन) बनाया गया है। यह पदोन्नति उनके उत्कृष्ट कार्य, ईमानदार कार्यशैली और प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए की गई है। बताया जाता है कि सिलावट वर्तमान में भोपाल में पदस्थ हैं। ज्ञात हो कि सिलावट एक शिक्षित एवं प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका परिवार लंबे समय से शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उनकी यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम और मजबूत पारिवारिक संस्कारों का परिणाम मानी जा रही है। सिलावट की सफलता पर उनके शुभ चिन्तक द्वारा उज्जबल भविष्य की कामना की गई है।

## खबर संक्षेप

### डिण्डौरी को प्लास्टिक मुक्त बनाने नगर परिषद का विशेष अभियान



**डिण्डौरी।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत डिण्डौरी नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने हेतु नगर परिषद द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। मकर संक्रांति एवं माँ नर्मदा जन्मोत्स के अवसर पर यह अभियान संचालित किया गया।अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों सहित माँ नर्मदा घाटों का निरीक्षण किया तथा पॉलीथिन के उपयोग एवं विक्रय पर कड़ी कार्रवाई की। दुकानदारों एवं नागरिकों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। टीम द्वारा बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण एवं माँ नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए पॉलीथिन पर प्रतिबंध अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, जिससे डिण्डौरी नगर को पूर्णतः पॉलीथिन मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि शहर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अभियान में सहयोग करें तथा पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े, जूट एवं पेपर बैग जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें।इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शहपुरा में 'पंखिनी नवाचार' अंतर्गत 15 दिवसीय पुलिस भर्ती फिजिकल प्रशिक्षण का समापन



**डिंडौरी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, डिंडौरी द्वारा संचालित नवाचार "पंखिनी – सपनों को दो पंख" के तहत शहपुरा स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में आयोजित 15 दिवसीय पुलिस भर्ती फिजिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।समापन अवसर पर सीडीपीओ विपिन डेहरिया, पर्यवेक्षकगण सहित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 40 बालिकाएं उपस्थित रहीं। बालिकाओं ने पूरे प्रशिक्षण काल में अनुशासन, लगन एवं उत्साह के साथ अभ्यास किया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस भर्ती प्रतियोगी परीक्षा के निर्धारित शारीरिक मापदंडों के अनुरूप 800 मीटर दौड़, हाई जंप एवं गोला फेंक का वैज्ञानिक एवं विधिवत प्रशिक्षण लगातार 15 दिनों तक दिया गया।कार्यक्रम में पुलिस विभाग के प्रशिक्षक अरुण कुमार डिगा एवं दीपक धाकड़, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक कैलाश रजक, खेल प्रशिक्षक अनिल लोधी, श्रीमती रमा साहू तथा शिक्षा विभाग के खेल शिक्षक जागेश्वर नंदा एवं शेरमेर खलको सहित अन्य प्रशिक्षकों की उल्लेखनीय भूमिका रही। समापन सत्र में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनाकर उन्हें समान अवसर प्रदान करने में सहायक हैं।उल्लेखनीय है कि पंखिनी नवाचार जिले की बालिकाओं को पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए तैयार करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग की एक प्रभावी एवं प्रेरणादायी पहल है। यह कार्यक्रम जिले में बेटियों के सशक्तिकरण, रोजगारोन्मुखी तैयारी और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का सशक्त मंच बनकर उभर रहा है।

### राजस्व अधिकारियों और भू-माफिया की मिलीभगत से सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी

# शहपुरा में करोड़ों की शासकीय भूमि खुर्द-बुर्द करने का आरोप

शहपुरा/डिंडौरी

**नगर परिषद शहपुरा के अंतर्गत आने वाली करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि को निजी स्वार्थ के लिए हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है। नगरवासियों ने जिला कलेक्टर को विस्तृत शिकायत पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि राजस्व अधिकारियों और भू-माफिया की मिलीभगत से सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी कर नगर परिषद की बेशकीमती भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम करने का प्रयास किया गया।**




शिकायत के अनुसार खसरा नंबर 571/1 (रकबा 0.4900 हेक्टेयर) जो नगर परिषद शहपुरा के नाम दर्ज है, उसी भूमि पर मानस भवन, नगर परिषद का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माणाधीन है तथा नगर के गंदे पानी की निकासी के लिए नाली भी बनी हुई है। इसके बावजूद आरोप है कि राजस्व विभाग के तत्कालीन अधिकारियों ने खसरा नंबर 571/2 के निजी भू-स्वामियों के साथ मिलकर नक्शे में काट-छांट कर शासकीय भूमि को कम दर्शाने की साजिश रची।नगरवासियों का कहना है कि राजस्व निरीक्षक द्वारा किया गया सीमांकन पूरी तरह संदिग्ध है। 12 जून 2023 को आवेदन दिए जाने के अगले ही दिन 13 जून को सीमांकन रिपोर्ट तैयार कर उसी दिन तहसीलदार से अनुमोदन करा लिया गया, जबकि इसकी सूचना आवेदक नगर परिषद को नहीं दी गई। आरोप है कि नगर परिषद की अनुपस्थिति में गुपचुप तरीके से सीमांकन कर पुराने दस्तावेज संलग्न किए गए, जो प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

शिकायत में यह भी उल्लेख है कि पूर्व में निजी भू-स्वामी की भूमि कम होने के कारण वर्ष 2001 में 'नक्शा शुद्धि' के नाम पर नगर परिषद की शासकीय भूमि से लगभग 7 डिसमिल जमीन घटाने का प्रयास किया गया था, जिसका विरोध होने पर कार्यवाही रोक दी गई थी। बाद में वर्ष 2019-20 में पुनः षड्यंत्र कर नगर परिषद के खसरा नंबर 571/1 का नक्शा और रकबा संशोधित करा लिया गया। नगरवासियों का आरोप है कि इस पूरे मामले में तहसीलदार को नक्शा एवं खसरा संशोधन का अधिकार ही नहीं था, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी की गई।

नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर 3 दिसंबर 2019 को हुए सीमांकन में भी वही राजस्व निरीक्षक दल प्रभारी था, जिस पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। उनका कहना है कि राजनीतिक संरक्षण और आर्थिक लेन-देन के चलते पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया गया।नगरवासियों ने बताया कि वे इस संबंध में अगस्त 2023, जनवरी 2024, मई 2024 और अगस्त 2025 में भी शिकायत कर चुके हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जांच के आदेश दिए गए, लेकिन आरोप है कि जांच रिपोर्ट बंद कमरे में तैयार कर दोषियों को बचाया गया। हाल ही में जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने मामले को गंभीर बताते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया और उप-पंजीयक को विवादित भूमि का विक्रय पंजीयन न करने के निर्देश दिए।नगरवासियों की मांग है कि दोषी राजस्व अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए, राजस्व रिकॉर्ड व नक्शों में की गई अवैध छेड़छाड़ को निरस्त कर भूमि को पूर्ववत किया जाए तथा शासकीय भूमि को भू-माफियाओं से मुक्त कर जनहित के निर्माण कार्य पूरे कराए जाएं। शिकायत की प्रतियां मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री और क्षेत्रीय विधायक को भी भेजी गई हैं। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं होने पर वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## एसडीएम शहपुरा ने भीमडोंगरी स्कूल व आंगनवाड़ी का किया औचक निरीक्षण

डिंडौरी।

एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने शुक्रवार को ग्राम भीमडोंगरी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ग्रामवासियों द्वारा पूर्व में की गई शिकायतों के आधार पर किया गया।निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक श्रीमती सरिता परस्ते के अनुपस्थित रहने तथा विद्यार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतों की जांच की गई। निरीक्षण के समय संबंधित शिक्षक अनुपस्थित पाई गईं। एसडीएम ने मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों, अन्य शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी सहायिका से शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अनुपस्थित शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।इसके पश्चात एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने ग्राम पंचायत मानिकपुर में आयोजित क्रिकेट कप के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं बल्लेबाजी कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शुभकामनाएं दीं।

## कलेक्टर ने सूनपुरी धान उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण, किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने गुरुवार को धान उपार्जन केंद्र सूनपुरी का औचक निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि अब तक केंद्र में कुल 12 हजार 345 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर तौल, भुगतान एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।





इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने विकासखंड करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा में निर्माणाधीन नवीन ग्राम पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। अटल सुशासन योजना अंतर्गत बन रहे पंचायत भवन की प्रगति, गुणवत्ता एवं मानकों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पंचायत भवन के सामने मैदान समतलीकरण, पेड़ों के चारों ओर चबूतरा निर्माण तथा ध्वजारोहण स्थल तैयार कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन और जनसेवाओं का प्रमुख केंद्र होता है, इसलिए इसका निर्माण टिकाऊ, सुरक्षित और सुविधायुक्त होना आवश्यक है।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम सरपंच श्रीमती लक्ष्मी तेकाम से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को भी जाना। साथ ही उन्होंने उपार्जित धान के सुरक्षित भंडारण का अवलोकन करते हुए गोदामों तक धान परिवहन में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि उपार्जन केंद्र पर जाम की स्थिति न बने और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, जनपद सीईओ बजाग, सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव, खाद्य अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हायर सेकेंडरी स्कूल कूड़ा में बाल विवाह रोकथाम अभियान एवं पॉक्सो कार्यशाला आयोजित



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आज हायर सेकेंडरी स्कूल कूड़ा में बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान "बाल विवाह रुको अभियान" तथा पॉक्सो अधिनियम पर आधारित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत बच्चों के संरक्षण से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बच्चों को अपराध की पहचान, शिकायत एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं वुमन हेल्पलाइन 181 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, आईसीपीएस स्टाफ, विधिक विशेषज्ञ/प्रशिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों को सतर्क, जागरूक तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में बाल विवाह एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि बाल विवाह एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध कानूनन गंभीर एवं दंडनीय अपराध हैं, जिनकी रोकथाम समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## सरईटोला–अमलडीहा में जल संरक्षण की पहल, नालों पर बोरी बंधान कार्य संपन्न

**डिंडौरी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड करंजिया द्वारा संचालित जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम सरईटोला एवं अमलडीहा में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जन अभियान परिषद ने नवांकुर संस्था एकता वेलफेयर सोसाइटी करंजिया तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सरईटोला के सहयोग से फुलवारी नाला पर 45 बोरी एवं ग्रामीण विकास संस्थान समिति अमलडीहा के सहयोग से कोसुम नाला पर 45 बोरियों का बोरी बंधान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम सरईटोला रैतवार कपिलधारा के जंगल क्षेत्र से निकलने वाला फुलवारी नाला करमण्डल नदी में समाहित होता है, जबकि ग्राम अमलडीहा के टूटेश्वर धाम के पहाड़ी क्षेत्र से निकलने वाला कोसुम नाला आगे जाकर तुराड़ नदी में प्रवाहित होता है। बोरी बंधान से सतही जल का संरक्षण होगा, आसपास के खेतों में नमी बनी रहेगी तथा भू-जल स्तर में वृद्धि होने की संभावना है। इससे भविष्य में वर्षा आधारित जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह चौहान, विकासखंड समन्वयक , भानु प्रताप मरावी, नवांकुर संस्था करंजिया के अध्यक्ष दिलीप कुमार टांडिया, मेंटर्स श्रीमती ओंकारेश्वरी आर्मो, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सरईटोला के अध्यक्ष पुरुषोत्तम धुर्वे, सचिव दिनेश धुर्वे, पंच गोकुल सिंह धुर्वे सहित समिति के सदस्य एवं नवांकुर संस्था अमलडीहा के पदाधिकारी, सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जल संचय को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया।



### मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार

## कृषि पर्व 2026 के तहत जिले में चलेगा कृषि रथ, योजनाओं का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषि पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत जिले में कृषि रथ का संचालन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 11 जनवरी 2026 से होगा। कृषि रथ जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को शासन की प्रमुख कृषि योजनाओं की जानकारी देगा।कृषि रथ के माध्यम से किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, विभागीय कृषि योजनाएं, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, पराली प्रबंधन, फसल विविधिकरण, नैनो उर्वरकों का उपयोग, कस्टम हायरिंग सेंटर, उन्नत बीज, जैविक खेती, कटाई पश्चात प्रबंधन तथा कृषि ऋण सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया जाएगा।



कृषि रथ के सुचारु एवं प्रभावी संचालन के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन कलेक्टर की अध्यक्षता में किया जाएगा, जो जिले स्तर पर आवश्यक निर्णय लेकर सप्ताह में एक बार समीक्षा करेगी। वहीं विकासखंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति गठित कर ग्राम पंचायतवार रूट चार्ट तैयार किया जाएगा।प्रत्येक विकासखंड में एक-एक कृषि रथ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्रामों में भ्रमण करेगा। कृषि रथ के साथ तकनीकी दल भी रहेगा, जिसमें कृषि विभाग के वर्ग-दो स्तर के अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र अथवा कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ तथा प्रगतिशील किसान शामिल होंगे। भ्रमण से पूर्व ग्रामों में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।कृषि रथ की दैनिक मॉनीटरिंग जिला एवं विकासखंड स्तर पर की जाएगी। मीडिया कैंपेन के लिए जनसंपर्क विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है, जो इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से दैनिक प्रगति का प्रकाशन सुनिश्चित करेगा।उल्लेखनीय है कि जिले में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कृषि उत्पादकता बढ़ाने, सिंचाई ढांचे में सुधार, फसल कटाई पश्चात भंडारण क्षमता विकास, कृषि ऋण की सुगमता एवं बेहतर सेवा वितरण के लिए ठोस कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। कृषि रथ का उद्देश्य इन योजनाओं एवं प्रयासों को किसानों तक सीधे पहुँचाना है। कृषि रथ संचालन हेतु आवश्यक राशि की जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

### शासन की योजनाओं से छोटे-छोटे उद्यमियों को लाभान्वित करने हेतु

# RAMP योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला संपन्न

**डिंडौरी ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डिण्डौरी द्वारा RAMP योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मध्य प्रदेश टूरिज्म रिजॉर्ट (मिडवे ट्रीट) जोगी टिकरिया में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, लघु उद्योग भारती प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष पटेल, जिला उद्योग केंद्र GM श्रीमती राधिका खुसरो एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष श्री संजय जैन के द्वारा नर्मदा माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।



कार्यक्रम में उद्बोधन में कलेक्टर ने डिंडोरी में उद्योगों की संभावनाओं पर खुलकर बात की एवं पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया, साथ ही शासन की योजनाओं से छोटे-छोटे उद्यमियों को लाभान्वित करने हेतु सभी शासकीय विभागों से सहयोग करने के लिए कहा। कलेक्टर ने बैठक में कहा की आपके द्वारा जिले में 15-20 उद्योग स्थापित किये जाए जिससे जिले के विकास में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष पटेल ने लघु उद्योग भारती की संयोजक इकाई की घोषणा की जिसमें रवि राज बिलैया को संयोजक पद का दायित्व मिला एवं रोहित कांसकार को सहसंयोजक पद का दायित्व दिया गया। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन नोडल एजेंसी मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम (MPLUN) द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को समग्र रूप से सुदृढ़ बनाना और उनकी तकनीकी क्षमता में वृद्धि करना है। उक्त कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने उद्यमियों को ZED, LEAN, IPR और TREDS जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि इन योजनाओं के माध्यम से उत्पादन लागत में कमी, गुणवत्ता सुधार और उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित किया जा सकता है। साथ ही, एमएसएमई सेक्टर की इकाइयों को आधुनिक प्रबंधन प्रणालियों, उत्पादकता-उन्नयन, मानकीकरण और प्रक्रिया सुधार के प्रति जागरूक किया गया ताकि वे बाजार की प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।इस अवसर पर लघु उद्योग भारती जबलपुर से मनीष पटेल व बी. के. नीमा, RAMP भोपाल से अभिषेक तिवारी एवं ZED भोपाल से हर्षित जोशी ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती राधिका कुशरो, प्रबंधक श्री संजय कुमार सुमन, जिला परियोजना प्रबंधक (NULM) श्रीमती श्वेता तिवारी, श्रम अधिकारी नीरज तेकाम, आईटीआई प्रतिनिधि मुकेश भांडे एवं जिले के समस्त उद्योगपति व डीआईसी परिवार उपस्थित रहा।

## अवैध खनिज परिवहन पर संयुक्त कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 09 जनवरी को समनापुर क्षेत्र में जांच के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर जब्त किए गए।जांच के दौरान ट्रैक्टर क्रमांक MP52 ZB 4287 को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे जब्त कर थाना समनापुर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं ट्रैक्टर क्रमांक MP52 AA 2871 को मुर्रम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

खनिज एवं पुलिस विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। दोनों मामलों में नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बॉडी बिल्डिंग में शीराज ने जीता गोल्ड



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में नरसिंहपुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। शहर के उभरते हुए खिलाड़ी शीराज उस्मानी ने डेनिम जींस कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शीराज की यह सफलता युवाओं के लिए मिसाल है। वही महिला वर्ग में वूमेन बिकिनी कैटेगरी में मालती लोधी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में चैथा स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस शानदार कामयाबी पर उनके कोच और नगर के खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की है और इसे जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

### बस स्टैंड पर अव्यवस्थित खड़े होने वाले 15 ऑटो चालकों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्ग दर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर यातयात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है साथ ही आम नागरिकों से यातायात नियमो का पालन करने की भी समझाइश दी जा रही है।

प्रायः यह देखने में आता है के कुछ ऑटो चालक बस स्टैंड बसों के प्रवेश एवं निकासी वाले स्थान पर ऑटो लगा कर सवारी चढ़ाते एवं उतारते है, जिससे बसों के आवागमन में व्यवधान होने से यातायात प्रभावित होता हैं। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा ऐसे ही ऑटो चालक ऊपर शक्ति से कार्रवाई की गई, विगत 2 दिवसों में ऐसे कुल 15 ऑटो वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 7500 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया।

कार्यवाही के उपरांत सभी ऑटो चालकों को हिदायत दी गई की वे यातायात नियमों का पालन करें। वाहनों को अवस्थित रूप से सडक़ों पर ना खड़ा करें एवं नियमों का पालन करते हुए नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में अपना योगदान दें।

### युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह एवं अपर कलेक्टरसी.एल. चनाप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम का आयोजन 12 जनवरी 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले की शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं, योग संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## थार से 44 पेटी शराब जब्त

# अवैध शराब परिवहन करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा जिले मे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है तथा पुलिस द्वारा जगह - जगह चेकिंग प्वाइंट भी बनाए गए है। पुलिस द्वारा बरमान मेले एवं मकर संक्रांति के त्यौहार पर सुरक्षा व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के लिए होटल, लॉज एवं धर्मशालाओं की सघन चैकिंग व निगरानी के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश आगामी त्योहारों वीआईपी भ्रमण सुरक्षा अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के अस्थायी निवास स्थलों पर सघन जांच किया जाना अपरिहार्य प्रतीत होता है। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (1) के तहत जिले की सीमांतर्गत स्थित समस्त होटल, लॉज, होमस्टे, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार किसी भी अतिथि को बिना वैध सरकारी फोटो पहचान पत्र जैसे आधार, पैन, वोटर आईडी, पासपोर्ट आदि के कमरा आवंटित नहीं किया जाएगा। समस्त संस्थान रूकने वाले व्यक्तियों के वैध पहचान पत्र की एक छायाप्रति अभिलेख के रूप में संधारित करेंगे तथा एक पंजी का संधारण कर संबंधितों का इंद्राज सुनिश्चित करेंगे।

### मामला इस प्रकार

शुक्रवार को थाना क्षेत्र करेली पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 44 पेटी अवैध शराब करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि आरोपियों द्वारा शराब गाडरवारा से नरसिंहपुर लाया जा रहा था जिसकी सूचना पुलिस को मुखबिर के माध्यम से प्राप्त हुई और करेली पुलिस द्वारा रास्ते मे रोक कर शराब जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत मे लिया गया है वही एक आरोपी फरार हो गया जिसकी



तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस ने आरोपियों पास से 2200 पाव जो 396 लीटर अवैध शराब जब्त करने सफलता हासिल की। जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

### मुखबिर ने दी थी सूचना

अवैध शराब के कारोबार के विरुध्द अभियान के अंतर्गत थाना करेली पुलिस टीम को जुर्म जरायम अपराध पतारसी व पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर ने आकर सूचना दिया कि एक थार गाडी जिसका नं. एम.पी. 04 सीपी. 9399 जो अवैध शराब लेकर गाडरवारा तरफ से नरसिंहपुर तरफ आ रही है की सूचना की तस्दीक हेतु हमराह स्टाप व मौके के राहगीरों गवाहो को लेकर ड्रीम लैंड सिटी के सामने मेन रोड पर एक गाड़ी को देखना शुरू किया जो कुछ देर बाद गाडरवारा तरफ से मुखबिर के बताये नं. की गाडी एमपी 04 सीपी 9399 आती दिखी जिसे हाथ देकर रोका तो थार गाडी का चालक थार गाडी को लेकर दाहिने मुडकर प्रस्तावित ड्रीम सैंड सिटी के अंदर की तरफ को गाडी लेकर भागा जिसका पीछा करने पर हमराह स्टाप व गबाहन की मदद से करीबन 200 मीटर के अंदर घेराबंदी कर ड्रीम सैंड सिटी के अंदर पकड़ा गया।

### कार्टून में छिपाकर ले जा रहे थे शराब

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की जिसमे थार चालक का नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम व पता सुरेन्द्र लोधी पिता भगवान सिंह लोधी उम्र 30 साल निवासी केरपानी थाना सुआतला हाल रेवानगर कालोनी नरसिहपुर (म.प्र.) व बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना




नाम सलीम खान पिता महबूब खान उम्र 22 साल निवासी मुशरान वन नरसिहपुर थाना कोतवाली जिला नरसिहपुर का बताया जो गाडी के अंदर देखने पर थार गाड़ी में खाकी कलर के कार्टूनो मे शराब की पेटी रखी थी। जो दोनो के कब्जे से बरामद थार गाडी के अंदर 44 पेटी अवैध मदिरा मसाला के होना पाया गया जो 2200 पाव 396 लीटर अवैध मदिरा मसाला की शराब जब्त दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर थाना करेली में अपराध क्र. 27/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में उनि विजय धुर्वे उनि रामरतन सोनी, सउनि संतलाल मरकाम, प्र. आर. सोमकुवर, प्र. आर. राजेश नंदा वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक आरक्षक सचिन पटेल, आर. कपिल राजपूत, अमित यादव, ब्रजेश दीक्षित, की मुख्य भूमिका रही।

## सेवा सप्ताह के तहत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा सप्ताह का गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी जी के आदर्शों से जोड़ना और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना है। सेवा सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की धूम रही। कार्यक्रम आयोजक समिति के संचालक डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. अमित ताम्रकर प्रभारी एनएसएस छात्र इकाई, डॉ. रानी कुमारी प्रभारी एनएसएस छात्रा इकाई एवं सुश्री इंदु सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के लिए स्वामी जी के जीवन चरित पर आधारित भाषण, वाद-विवाद और संवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वामी जी के शिकागो व्याख्यान से लेकर उनके राष्ट्र निर्माण के संकल्पों को साझा किया। इसी क्रम में समाज में बढ़ती नशे की लत के प्रति युवाओं को सचेत करने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली नशामुक्ति जागरूकता नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि युवा शक्ति को व्यसनों से दूर रहकर राष्ट्र की उन्नति में योगदान देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी जी के विचार युवाओं के लिए ऊर्जा के अक्षय स्रोत हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर सवालों के घेरें मे जिला चिकित्सालय

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिला चिकित्सालय आए दिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण चर्चा का विषय बना रहता है। जिला अस्पताल एक बार फिर भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े के गंभीर आरोपों के घेरे में है। ताजा मामला कमल जोशी नामक व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का है, जिसने अस्पताल प्रबंधन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। बिना किसी वैध रिकॉर्ड और डॉक्टर के हस्ताक्षर के जारी हुए इस प्रमाण पत्र ने जिले में हड़कंप मचा दिया है। जानकारी के अनुसार, कमल जोशी पिता कोमल श्रीवास्तव के नाम से जारी इस प्रमाण पत्र में दर्ज विवरण संदिग्ध हैं। रिकॉर्ड में न तो कमल जोशी के भर्ती होने की जानकारी है और न ही अस्पताल में उसकी मृत्यु का कोई साक्ष्य है आशंका जताई जा रही है कि यह पूरा प्रपंच बीमा क्लेम हड़पने या अनुकंपा नियुक्ति पाने के लालच में रचा गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कमल जोशी वास्तव में मृत है या वह जीवित होकर भी कागजों में मुर्दा बना दिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर अंजना त्रिपाठी एवं अन्य सदस्यों की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण कर कंप्यूटर सिस्टम से फर्जी प्रमाण पत्र तो जब्त कर लिया, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी कार्रवाई शून्य है। सूत्रों का आरोप है कि अस्पताल की जन्म-मृत्यु शाखा के कर्मचारी बाहरी बिचैलियों के माध्यम से 500 से 1000 रुपये लेकर चंद दिनों में जाली दस्तावेज तैयार कर देते हैं। अस्पताल के बाहर स्थित एक निजी ठेले के माध्यम से इस काले कारोबार के तार जुड़े होने की भी चर्चा है। नियमों के अनुसार, ऐसे गंभीर मामले में तत्काल एफआईआर और संबंधित दोषियों का निलंबन होना चाहिए था, किंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जांच टीम की चुप्पी और अस्पताल प्रबंधन का टालमटोल वाला रवैया मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। यदि जल्द ही इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश नहीं हुआ, तो भविष्य में जीवित व्यक्तियों को मृत दिखाकर करोड़ों के बीमा घोटाले और सरकारी नौकरियों की बंदरबांट जैसी घटनाएं आम हो सकती हैं।

### गैस हितग्राहियों को केवाईसी कराना अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सभी ईंधन गैस हितग्राहियों को 31 जनवरी तक गैस कनेक्शन का केवाईसी करना अनिवार्य है। यदि समय पर केवाईसी नहीं करवाया तो सब्सिडी का लाभ उन्हें नहीं मिल पाएगा। वसुंधरा गैस एजेंसी के संचालक आलोक अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश अनुसार सिलेंडर कनेक्शन के हितग्राही जिन्होंने अभी तक अपना के वाय सी नहीं कराया है उन्हे 31 जनवरी 2026 तक का समय गैस कंपनियों द्वारा दिया गया है अतः ऐसे हितग्राही जिन्होंने अभी तक अपनी ईंधन गैस कनेक्शन का के वाय सी ना कराया हो वह शीघ्र ही एजेंसी में आकर अपना के वाय सी करा लें। अन्यथा उनकी सब्सिडी खाते में आना बंद हो जाएगी। यह आदेश भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा पूर्व में भी जारी किया जा चुका है। हितग्राहियों से निवेदन है कि 31 तारीख के पहले वसुंधरा गैस एजेंसी के सभी गैस हितग्राही केवाईसी अवश्य करवा ले।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने रौपे पौधे



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को पी जी कॉलेज में मध्यप्रदेश एन एस यू आई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चैकसे के आदेशानुसार एवं नरसिंहपुर एन एस यू आई जिला अध्यक्ष ईशान राय के निर्देशानुसार, एन एस यू आई द्वारा संचालित एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के अंतर्गत के स्पोर्ट्स ऑफिसर अर्पित सक्सेना के मुख्य आथित्य में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मप्र के पूर्व सोशल मीडिया चेयरमैन अंकुर बटरी, पूर्व कॉलेज अध्यक्ष शिवम पाठक, छात्र नेत्री निकिता सक्सेना, जिला सचिव निखिल सराठे, छात्र नेता देवांश पटेल, रहित खान, मोहित रजक, साकेत पटेल सुनील पटेल, मनोज पटेल, आशीष सिलावट, नितिन मेहरा, सचिन पटेल, करण यादव, साकेत लोधी, वैभव नेमा, विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।



### आर पी. एफ कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रेलवे जिला चिकित्सालय में आर पी एफ कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे डॉ आर आर कुर्रे द्वारा सभी रेलवे सुरक्षा पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई दी गई। डॉ कुर्रे द्वारा जनरल हेल्थ चेकअप के अलावा आँख नाक कान बी पी शुगर हाईट वेट बी एम आई के जांच की गई। हेल्थ एजुकेशन के द्वारा बिना दवा के बीपी शुगर और वजन कंट्रोल करने के उपाय बताए गए।

## नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने हेतु शिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश सरकार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राऐं जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है उन छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में जोड़ने की कार्यवाही की गई। जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र निवासी विधानसभा क्रमांक 119 के लगभग 50 नवीन मतदाताओं को जोड़ा गया। शिविर के दौरान मणिन्द्र कुमार सिंह अनुविभागीय अधिकारी, आकाष दहारे तहसीलदार, कपिल शर्मा परिवेक्षक, डॉ. एस.एन. राव महाविद्यालय निर्वाचन नोडल अधिकारी, महेश पाठक, सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन, कृष्णकान्त जाटव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं बी.एल.ओ की उपस्थिति रहीं।

## गोटेगांव युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**गोटेगांव।** नगर में बीते युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर की घटना को जहां लापरवाही से दूषित पानी पीने से15 से अधिक नागरिकों की मृत्यु होने पर एवं 150 से अधिक लोगों के गंभीर रूप से बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होने की घटना के विरोध में एवं एक पत्रकार द्वारा जनहित से जुड़े सवाल पूछे गए,जाने पर मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई असंवेदनशील एवं अभद्र टिप्पणी के खिलाफ। गोटेगांव युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के फुवारा चौक के पास एकत्र होकर सड़कों पर उतरकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं भाजपा सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया और विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई।वहीं युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाई जिसको तत्परता दिखाते हुए पुलिसकर्मी ने पुतले पर पानी डालकर अपने कब्जे में ले लिया वहीं युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पद से बर्खास्त करने मांग की है।इस दौरान युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सूर्यप्रताप ठाकुर नगर अध्यक्ष मयंक छिरा सोमनाथ पटेल,राजेश चौकसे कैलाश रजक आशीष राय,सुमित राय सुनील पटेल प्रवीण राजपूत,बबलू राजपूत, महेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया ब्रह्मणम घाट मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**तेंदूखेड़ा।** भगवान ब्रह्मा की तपस्थली बरमान घाट पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर मकर संक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेला परिसर की समुचित व्यवस्थाओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने निरीक्षण करते हुए मेला समीति और जनपद पंचायत चांवरपाठा के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए विधायक ने कहा है कि मेला हमारी आस्था परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला भव्य सुव्यवस्थित और सुरक्षित रूप से आयोजित हो। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। व्यापारियों से संवाद कर उनकी



समस्याओं सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना है ।ताकि सभी को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा स्वच्छता यातायात व्यवस्था पेयजल एवं प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाएँ पूरी मुस्तैदी से उपलब्ध कराई जाएँ। यह मेला केवल व्यापार का नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का उत्सव है।सभी व्यापारियों प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्रवासियों से भी सहयोग की अपील करते हैं ताकि यह मेला सफल सुरक्षित और यादगार बन सके।